# रिंकू-नितीश के अर्द्धशतक, कोलकाता ने चैन्नई को 6 विकेट से हराया

चेन्नई(एजेंसी)।

**कोलकाता नाइट राइडर्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल 2023 के 61वें मुकाबले में 6 विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ कोलकाता नाइट राइडर्स ने प्लेऑफ की रेस में खुद को बरकरार रखा है लेकिन उसे दूसरी टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा। वहीं चेन्नई को प्लेऑफ में क्वालीफाई करने के लिए अपना अंतिम मैच जीतना जरूरी हो गया है।**

चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 144 रन बनाए। इसके जवाब में कोलकाता की टीम ने रिंकू सिंह और नीतीश राणा के बीच हुई 99 रन की साझेदारी की बदौलत 9 गेंद शेष रहते ये मैच अपने नाम किया। नीतीश राणा 44 गेंद में 57 रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए दीपक चाहर ने तीन विकेट चटकाए।

145 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पावरप्ले के अंदर ही तीन विकेट गंवा दिए। जेसन रॉय (12), गुरबाज (1) और वेंकटेश अय्यर



(9) रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद नीतीश राणा और रिंकू सिंह ने चौथे विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी करके टीम को जीत के करीब पहुंचाया। हालांकि रिंकू सिंह 43 गेंद में 54 रन की पारी खेलकर पवेलियन लौट गए। अपनी पारी में उन्होंने 4 चौके और तीन छक्के लगाए।

कोलकाता के कप्तान नीतीश राणा 44 गेंद में 57 रन बनाकर नाबाद रहे। अपनी पारी में उन्होंने 6 चौके और एक छक्का लगाया।चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के अब 13 मैचों में 15 अंक हैं और वह प्लेऑफ में जगह बनाने की अच्छी स्थिति में है। दूसरी तरफ केकेआर के 12 अंक हैं और उसे अपने बाकी बचे एक मैच को जीतने के अलावा बाकी टीमों के परिणाम भी अपने अनुकूल रहने की प्रार्थना करनी होगी।

इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 144 रन बनाए। चेन्नई के लिए शिवम दुबे ने सर्वाधिक रन बनाए। कोलकाता के लिए वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन ने 2-2 विकेट लिए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी रही थी। लेकिन तीसरे ओवर में ऋतुराज 13 गेंद में 17 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद डेवोन कॉनवे और रहाणे के बीच धीमी गति से 30 रन की साझेदारी हुई। रहाणे 11 गेंद में 16 रन बनाकर आउट हुए। डेवोन कॉनवे 28 गेंद में 30 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सुनील नरेन ने एक ही ओवर में चेन्नई को डबल झटके दिए। रायुडू (4) और मोईन अली (1) रन बनाकर पवेलियन लौटे।

## स्कोर बोर्ड

**चेन्नई सुपर किंग्स:** गायकवाड़ कै. वैभव बो. चक्रवर्ती 17, कॉन्वे कै. रिंकू बो. शार्दुल 30, रहाणे कै.रॉय बो. चक्रवर्ती 16, रायुडू बो. नारायण 4, शिवम (नाबाद) 48, मोईन बो. नारायण 1, जाडेजा कै.चक्रवर्ती बो. वैभव 20, धोनी (नाबाद) 2, **अतिरिक्त** 6, **कुल** (20 ओवर में ) 6 विकेट पर 144 रन । **विकेट पतन:** 1-31, 2-61, 3-66 , 4-68 , 5-72, 6-140 । **गेंदबाज़ी:** अरोड़ा 4-0-30-1, राणा 2-0-19-0, चक्रवर्ती 4-0-36-2, नारायण 4-0-15-2, शार्दुल 3-0-15-1, सुयश शर्मा 3-0-29-0 ।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** जेसन रॉय कै. पथिराना बो. चाहर 12, गुरबाज़ कै. तुषार बो. चाहर 1, अय्यर कै. जाडेजा बो. चाहर 9, नितीश राणा (नाबाद) 57, रिंकू सिंह रन आउट 54, रसल (नाबाद) 2, **अतिरिक्त** 12, **कुल** (18.3ओवर में ) 4 विकेट पर 147 रन । **विकेट पतन:** 1-4, 2-21, 3-33, 4-132 । **गेंदबाज़ी:** दीपक चाहर 3-0-27-3, देशपांडे 3.3-0-25-0, मोईन 4-0-31-0, थीक्षणा 3-0-22-0, पथिराना 3-0-23-0, जाडेजा 2-0-18-0।


ताश के पत्तों की तरह बिखरी राजस्थान

# बैंगलोर ने दर्ज की बड़ी जीत प्ले ऑफ की उम्मीदें बरकरार

जयपुर (एजेंसी)।

**कप्तान फाफ डुप्लेसी और ग्लेन मैक्सवेल के अर्धशतक के बाद वेन पार्नेल की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के एकतरफा मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 112 रन से हरा दिया। इस जीत से आरसीबी ने प्ले ऑफ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदें जीवंत रखी हैं। टीम 12 मैच में 12 अंक के साथ पांचवें स्थान पर चल रही है।**

रॉयल्स भी 12 अंक के साथ छठे स्थान पर हैं लेकिन उसने 13 मैच खेले हैं। आरसीबी के 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान टीम पार्नेल (10 रन पर तीन विकेट), माइकल ब्रेसवेल (16 रन पर दो विकेट) और कर्ण शर्मा (19 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 10.3 में सिर्फ 59 रन पर ढेर हो गई। शिमरोन हेटमायर (19 गेंद में 35 रन) रॉयल्स के शीर्ष स्कोर रहे। उनके अलावा सिर्फ जो रूट (10) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। रॉयल्स का यह दूसरा सबसे कम स्कोर है। इससे पहले टीम 2009 में आरसीबी के खिलाफ ही 58 रन पर सिमट गई थी। आरसीबी ने फाफ डुप्लेसी (55) की विराट कोहली (18) के साथ पहले विकेट के लिए 50 और मैक्सवेल (54) के साथ दूसरे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी से पांच विकेट पर 171 रन बनाए। अनुज रावत (11



गेंद में 29 रन, तीन चौके, दो छक्के) ने अंत में तेजतर्रार पारी खेलकर टीम का स्कोर 170 रन के पार पहुंचाया। रॉयल्स की ओर से एडम जंपा 25 जबकि केएम आसिफ ने 42 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम पावर प्ले में पांच विकेट पर 28 रन ही बना सकी और इससे कभी नहीं उबर पाई। मोहम्मद सिराज ने पारी की दूसरी ही गेंद पर अच्छी फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल (00) को मिड ऑफ पर कोहली के हाथों कैच कराया। पार्नेल ने अगले ओवर में जोस बटलर (00) और कप्तान संजू सैमसन (04) को पवेलियन की राह दिखाई। बटलर ने कवर प्वाइंट पर सिराज को कैच थमाया जबकि सैमसन का कैच विकेटकीपर रावत ने लपका। इंपेक्ट प्लेयर के रूप में उतरे देवदत्त पडिक्कल (04) ब्रेसवेल की गेंद पर मिडविकेट पर सिराज को कैच दे बैठे। पार्नेल ने छठे ओवर में जो रूट (10) को बोल्ड करके रॉयल्स को पावर प्ले में पांचवां झटका दिया।

## स्कोर बोर्ड

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** कोहली कै. जायसवाल बो. आसिफ 18, डुप्लेसी कै. जायसवाल बो. आसिफ 55, मैक्सवेल बो. संदीप 54, लोमरोर कै. जुरेल बो. ज़ैम्पा 1,कार्तिक पगबाधा ज़ैम्पा 0, ब्रेसवेल (नाबाद) 9,रावत (नाबाद) 29, **अतिरिक्त** 5, **कुल** (20 ओवर में ) 5 विकेट पर 171 रन । **विकेट पतन:** 1-50, 2-119, 3-120, 4-120, 5-137। **गेंदबाज़ी:** संदीप 4-0-34-1, ज़ैम्पा 4-0-25-2, चहल 4-0-37-0, अश्विन 4-0-33-0,आसिफ 4-0-42-2।

**राजस्थान रॉयल्स:** जायसवाल कै. कोहली बो. सिराज 0, बटलर कै. सिराज बो. पर्नेल 0, सैमसन कै. अनुज बो. पर्नेल 4, रूट पगबाधा पर्नेल 10, पड़िक्कल कै. सिराज बो. ब्रेसवेल 4, हेटमायर कै. ब्रेसवेल बो. मैक्सवेल 35, जुरेल कै. लोमरोर बो. ब्रेसवेल 1, अश्विन रन आउट 0, ज़ैम्पा बो. कर्ण 2, संदीप (नाबाद) 0, आसिफ कै. कोहली बो. कर्ण 0, **अतिरिक्त** 3, **कुल** (10.3 ओवर में ) 59 रन । **विकेट पतन:** 1-1, 2-6, 3-7, 4-20, 5-28, 6-31, 7-50, 8-59, 9-59 , 10-59 । **गेंदबाज़ी:** सिराज 2-0-10-1, पर्नेल 3-0-10-3, ब्रेसवेल 3-0-16-2, कर्ण शर्मा 1.3-0-19-2, मैक्सवेल 1-0-3-1।

# प्लेऑफ में जगह सुरक्षित करने के लिए सनराइजर्स से भिड़ेगा गुजरात टाइटंस

**अहमदाबाद( एजेंसी )।** अमूमन अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने वाली गुजरात टाइटंस की टीम पिछले मैच की नाकामी को भुलाकर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को यहां ठोस प्रदर्शन करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेगी। मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटंस के लिए प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए एक और जीत पर्याप्त होगी जबकि सनराइजर्स के 11 मैचों में चार जीत से आठ अंक हैं और वह अगले दौर में जगह बनाने की दौड़ से लगभग बाहर हो चुका है। गुजरात को पिछले मैच में मुंबई इंडियंस से हार का सामना करना पड़ा था जिसमें राशिद खान ने बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन उसके अन्य खिलाड़ी नहीं चल पाए थे।






उसके गेंदबाज सूर्यकुमार यादव पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे थे जबकि उसके प्रमुख बल्लेबाज भी नहीं चल पाए थे। गुजरात 12 मैचों में 16 अंक लेकर अब भी अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है लेकिन उसे अगर मगर की परिस्थितियों से बचने के लिए अगले दोनों मैचों में गलतियों में सुधार करके बेहतर प्रदर्शन करना होगा। कप्तान हार्दिक पंड्या ने भी टीम की 12 मैचों में चौथी हार के बाद कहा था,'' हम एक समूह के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। हमारी गेंदबाजी भी अच्छी नहीं रही। हमारी या तो स्पष्ट रणनीति नहीं थी या फिर हम उस पर अमल नहीं कर पाए।'' बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम के बल्लेबाज नहीं चल पाए और राशिद खान की तूफानी अर्धशतकीय पारी के बावजूद टीम को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा था।

इस स्टार स्पिनर ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी उस मैच में नहीं चल पाए थे लेकिन वह नई गेंद से अपना जादू बिखेरने के लिए फिर से तैयार होंगे। मोहित शर्मा को पूर्व के मैचों में बीच के ओवरों में उपयोग किया गया था लेकिन मुंबई के खिलाफ उन्हें नई गेंद सौंपी गई थी। गुजरात टाइटंस का यह दांव हालांकि नहीं चल पाया था।

# अंपायर से पंगा क्लासेन को पड़ा महंगा, लगा भारी जुर्माना

**हैदराबाद( एजेंसी )।** सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन पर शनिवार को लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। क्लासेन की 29 गेंद में 47 रन की पारी से हैदराबाद ने छह विकेट पर 182 रन बनाए थे लेकिन लखनऊ ने 19.2 ओवर में तीन विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। क्लासेन ने नोबॉल नहीं दिए जाने पर मैदानी अंपायर से बहस करने के बाद प्रसारकों से बातचीत के दौरान भी इसे लेकर नाराजगी जताई थी। आईपीएल से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, क्लासेन ने अनुच्छेद 2.7 के तहत 'लेवल एक के अपराध को स्वीकार कर लिया। यह अपराध आईपीएल की आचार संहिता में सार्वजनिक आलोचना/अनुचित टिप्पणी के उपयोग को लेकर है।%% आवेश खान ने अब्दुल समद को गेंद बीमर की तरह फेंकी और मैदानी अंपायर अक्षय तोत्रे ने इसे नो-बॉल नहीं करार दिया। सनराइजर्स हैदराबाद ने इसके बाद डीआरएस लिया लेकिन तीसरे अंपायर ने भी इसे वैध गेंद करार दिया। क्लासेन की अंपायर से बहस के बाद दर्शकों के खराब बर्ताव के कारण मैच कुछ देर के लिए रूका रहा।



# इटालियन ओपन में पहला मैच जीतकर फिर से दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बने अल्कराज

**रोम ( एजेंसी )।** कार्लोस अल्कराज ने इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने पदार्पण मैच में जीत दर्ज करके विश्व रैंकिंग में फिर से नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है। अल्कराज ने अल्बर्ट रामोस विनोलास को 6-4, 6-1 से हराकर नोवाक जोकोविच की जगह शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि 28 मई से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन में उन्हें पहली वरीयता मिलेगी। बार्सिलोना और मैड्रिड में खिताब जीतकर यहां पहुंचे अल्कराज ने अपने विजय अभियान को 12 मैच तक पहुंचा दिया है। इस साल क्ले कोर्ट पर उनका रिकॉर्ड 20-1 हो गया है। अल्कराज का अगला मुकाबला जिरी लेहेका या हंगरी के क्वालीफायर फैबियन मरोज़सन से होगा।




पुरुष वर्ग में दूसरे दौर के अन्य मैचों में छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने एलेक्स मोल्केन को 6-3, 6-4 से,लोरेंजो सोनेगो ने योशीहितो निशिओका को 7-5, 6-3 से, जेजे वोल्फ ने 14वीं वरीयता प्राप्त ह्यूबर्ट हर्कज को 6-3, 6-4 से और बोर्ना कॉरिच ने थियागो मोंटेइरो को 4-6, 7-6 (8), 7-6 (5) से हराया। महिला वर्ग के तीसरे दौर के मैचों में कोलंबिया की क्वालीफायर कैमिला ओसोरियो ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कैरोलिन गार्सिया को 6-4, 6-4 से, एंहेलिना कलिनिना ने सोफिया केनिन को 6-4, 6-2 से और वांग ज़ियू ने टेलर टाउनसेंड को 6-2, 0-6, 7-5 से पराजित किया।

# मेस्सी की पीएसजी की टीम में वापसी, एमबापे ने जीता दिल

**पेरिस ( एजेंसी )।** लियोनेल मेस्सी ने संक्षिप्त निलंबन झेलने के बाद पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) की टीम में वापसी की लेकिन वह काइलन एमबापे थे जिन्होंने फ्रांसीसी फुटबॉल लीग के मैच में अपनी टीम की अजाशियो पर 5-0 के जीत में दर्शकों का दिल लूटा। पीएसजी ने इस जीत से दूसरे स्थान पर काबिज लेंस पर छह अंक की बढ़त बना दी है और वह फ्रांसीसी लीग में रिकॉर्ड 11वां खिताब जीतने के करीब पहुंच गया है। अब जबकि तीन दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं तब पीएसजी के 35 मैचों में 81 अंक हो गए हैं। लेंस के इतने ही मैचों में 75 अंक हैं। दूसरी तरफ इस मैच में हार से अजाशियो 18वें स्थान पर खिसक गया है। एमबापे ने इस मैच में दो गोल किये जिससे उनके लीग में सर्वाधिक 26 गोल हो गए हैं और वह लेंस के स्ट्राइकर एलेक्जेंडर लैकाज़ेट से दो गोल आगे हो गए हैं। मेस्सी को क्लब की अनुमति लिए बिना सऊदी अरब की यात्रा करने पर पीएसजी ने निलंबित कर दिया था जिसके कारण वह पिछले मैच में नहीं खेल पाए।





# रियाल मैड्रिड ने गेटाफे को हराया करीम बेनजेमा को दिया विश्राम

**बार्सिलोना( एजेंसी )।** रियाल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ अगले सप्ताह होने वाले चैंपियंस लीग सेमीफाइनल के निर्णायक मुकाबले को देखते हुए अपने स्टार स्ट्राइकर करीम बेनजेमा सहित चोटी के खिलाड़ियों को विश्राम दिया लेकिन इसके बावजूद उसकी टीम गेटाफे को 1-0 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट ला लिगा में दूसरे स्थान पर पहुंचने में सफल रही। मैच का एकमात्र गोल मार्को असेंसियो ने 70वें मिनट में किया। इस जीत से रियाल मैड्रिड के 34 मैचों में 71 अंक हो गए हैं और वह एटलेटिको मैड्रिड से दो अंक आगे हो गया है। एटलेटिको के 33 मैचों में 69 अंक हैं। बार्सिलोना 33 मैचों में 82 अंक लेकर शीर्ष पर काबिज है। बार्सिलोना रविवार को अगर एस्पेनयोल को पराजित कर देता है तो वह स्पेनिश लीग का खिताब अपने नाम कर लेगा और यही वजह है कि रियाल मैड्रिड चैंपियंस लीग पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

# पहला शतक लगाकर भावुक हुए प्रभसिमरन, किया बार-बार शुक्रिया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली पर पंजाब किंग्स की जीत में सबसे बड़ा योगदान प्रभसिमरन का रहा। पंजाब के सलामी बल्लेबाज ने शतक लगाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया था। अपनी शतकीय पारी के लिए वह प्लेयर ऑफ द मैच भी बने। उन्होंने कहा- हमने शीर्ष पर कुछ विकेट गंवाए, इसलिए योजना खेल को थोड़ा गहरा करने की थी। मैं लंबे समय से टीम के साथ हूं और जब आपको लगातार मौके मिलते हैं तो आपको इसका फायदा उठाना होता है। शुरुआत में विकेट थोड़ा कठिन था और योजना कुछ साझेदारी बनाने और फिर कुछ गेंदबाजों को निशाना बनाने की थी। मैं सीनियर खिलाडियों से भी बात करता हूं, जो मुझसे कहते रहते हैं कि मैं खेल को गहराई तक ले जाऊं और जब आपको अच्छी शुरुआत मिल जाए तो इसे बड़ा बनाऊं। अवसर देने के लिए प्रबंधन का वास्तव में आभारी हूं।


## जाहिर सूचना

**ग्राम छोला ख.क्र 09 के सम्बन्ध में**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि ख. क्रं. 9/4/1, 9/1/1/1, 9/1/3/1/1, 9/1/3/2, 9/2/1, 9/3/1 कुल रकबा 3.29 एकड़ क्रमशः भूमि स्वामी श्रीमति सूर्यकांता, श्रीमति इन्द्रादेवी, श्रीमति सियादुलारी, श्रीमति यशोदा, श्रीमति संगीता, श्रीमति नर्वदी बाई कि स्थित भूमि ग्राम छोला प.ह.न. करोंद वृत गोविन्दपुरा तहसील, हुजूर जिला भोपाल के स्वत्व, स्वामित्व व अधिपत्य कि भूमि का क्रय विक्रय कि सहमति व इकरानामा दिनांक 04/05/2023 अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा हस्ताक्षर किया गया है। उक्त अनुसार बयाना (टोकन) राशि अदा कर दी गई है। उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, हाऊसिंग फायनेंस संस्था, फर्म, शासकीय व गैर शासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार आपत्ति हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति कहीं अनुबंध, विक्रय, दान, बंधक, गिरवी, वसीयत, हिबा, हस्तांरण इत्यादि हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन की समयाधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा मेरा पक्षकार उक्त वर्णित भूमियों का पंजीयन करा लेगा, ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा ।

**संतोष मीना, अधिवक्ता**
**602 यू.सी. आई विल्डिंग नियर**
**जिला न्यायालय भोपाल म.प्र.**
**मो. 9425372697**

1422



## कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री लोक निर्माण विभाग (परियोजना क्रियान्वयन ईकाई), सीहोर (म.प्र.)

E-mail:- piusehore@gmail.com

क्रं.. 689.... / टी.एस../लो.नि.वि./पी.आई.यू/2023-24 / सीहोर दिनांक 11.05.2023

**बिड सूचना प्रपत्र**

लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यू.) सीहोर के अंतर्गत शाहगंज जिला सीहोर में पशु चिकित्सालय कालोनी के परिसर में पुराना निकला हुआ लोहे एवं लकड़ी की सामग्री को लगाने के कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से बिड प्रस्ताव दिनांक 17.05.2023 को सायं 5.30 बजे तक ऑफलाइन आमंत्रित की जाते है एवं दिनांक 22.05.2023 को दोपहर 11.30 बजे प्राप्त बिड प्रस्तावों को ऑफलाईन खोला जावेगा । वेल्यू राशि रू. 266492.00 (रू. दो लाख छाछठ हजार चार सौ बानवें मात्र) रखी गई है, जिसकी अमानत राशि रू. 26649.00 (छब्बीस हजार छः सौ उनपचास मात्र) (आफसेट वेल्यू का 10 प्रतिशत) राष्ट्रीय कृत बैंक की एफ.डी.आर. जो संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. सीहोर के पक्ष में देय हो मय दस्तावेजों के साथ जमा करनी होगी। बिड दिनांक 11.05.2023 को सायं 5.30 बजे से ऑफलाईन क्रय की जा सकेगी। विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग, पी.आई. यू. सीहोर के सूचना पटल पर भी देखी जा सकती है।

**नियम व शर्तें :-**

1. उपरोक्त कार्य में प्राप्त अधिकतम बिड को स्वीकार किया जावेगा। बिड स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सक्षम अधिकारी लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यू.) सीहोर का निमित रहेगा 2. बिडकर्ता को स्वयं के संसाधनों से सामग्री को ले जाना होगा। उक्त कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यू.) सीहोर द्वारा किसी भी तरह के वाहन एवं उपकरण उपलब्ध नहीं कराया जायेगा ।
3. उक्त कार्य को बिडकर्ता द्वारा कार्यादेश दिनांक से 15 दिवस में पूर्ण किया जाना होगा ।
4. यदि अपरिहार्य कारणों से आफर प्राप्ति/खोलने के दिवस को शासकीय अवकाश होता है तो अगले कार्य दिवस में कार्यवाही संपादित की जावेगी।
5. बिड के आफर खुलने के उपरांत अधिकतम बिड की राशि निविदाकार बिड की राशि सात दिवस में बैंक ड्राफ्ट के रूप में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में जमा करनी होगी, अन्यथा अमानत राशि शासन के पक्ष में राजसात कर ली जावेगी ।
6. कार्य पूर्ण न करने की दशा में शेष कार्य अन्य ऐजेन्सी से पूरा कराया जावेगा। शेष कार्य पूर्ण कराने में जो अतिरिक्त व्यय आवेगा उसकी वसूली पूर्व के सफल बिडकर्ता, दोषी (डिफाल्टर ) से की जावेगी। तोड़ने की कार्यवाही के दौरान किसी भी शासकीय अथवा निजी सम्पत्ति को नुकसान होने की दशा में बिडकर्ता जिम्मेदार होगा व नुकसान की राशि उनके द्वारा देय होगी।
7. सामग्री ले जाने का समय सुबह 9.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक रहेगा व रविवार को अवकाश रहेगा।
8 सामग्री के परिवहन एवं सुरक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी बिडकर्ता की होगी प्रत्येक सामग्री यथास्थिति में स्वीकार करनी होगी।
9. पुरानी सामाग्री पर निविदाकार का अधिकार होगा।
10. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्राधिकार सीहोर होगा।

**संभागीय परियोजना यंत्री**
**लो.नि.वि.(पी.आई.यू.)**
**सीहोर (म.प्र.)**

जी-12866/23



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक राजगढ़ जिला राजगढ़ (म. प्र.)

क/पुअ/राज/रनि/एमटी/79/2023 दिनांक 10.05.2023

**खुली निविदा विज्ञप्ति द्वितीय**

वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु इकाई में शासकीय वाहन विहीन मैदानी राजपत्रित अधिकारी/विभिन्न थानों/ कन्ट्रोल रूम/पुलिस लाईन में शासकीय उपयोग हेतु मासिक किराये पर वाणिज्यिक परिवहन वाहन/कनून व्यवस्था, अन्य आकस्मिक तौर पर (दैनिक दर पर) लिये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सील बंद लिफाफे में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 19/05/2023 को 12:00 बजे तक है फर्मों द्वारा प्राप्त निविदाऐं दिनांक 19/05/2023 को सायं 03:00 बजे गठित कमेटी के समक्ष पुलिस अधीक्षक राजगढ़ द्वारा उपस्थित फर्मों के प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।

**खुली निविदा की शर्तें**

01. उपलब्ध कराये जाने वाले वाहन वाणिज्यिक परिवहन यान के रूप में दर्ज होने चाहिये तथा संबंधित ट्रेवल एजेंसी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आरटीओ कार्यालय में पंजीयन होना आवश्यक है एवं फर्म जीएसटी रजिस्टर्ड आवश्यक है, वाहन किराये पर लेने की शर्तो का उल्लंघन करने की स्थिति में वाहन को कभी भी हटाया जा सकेगा एवं अनुबंध को निरस्त किया जा सकता है। 02. वाहनों की स्थिति व रखरखाव उत्तम श्रेणी का हो तथा पांच वर्षो से पुराना वाहन किराये पर नहीं लिया जायेगा। आवश्यकता के अनुरूप राष्ट्रीय ध्वज/पी.ए स्सिटम/डेंजर लाइट/सीट कव्हर आदि प्रदाय करनें होंगे। 03. वाहन प्रदाता मय वाहन चालक (स्वच्छ वर्दी) के वाहन उपलब्ध करायेगा। वाहन चालक के पास नियमानुसार वैद्य कमर्शियल ड्रायविंग लायसेंस होना आवश्यक है, तथा वाहन चालक अपराधिक चरित्र का व्यक्ति न हो। वाहन चालक का वेतन/भत्ता एवं अन्य खर्चे जिसमें चालक का दैनिक एवं यात्रा भत्ता शामिल हो वाहन प्रदाता वहन करेगा । 04. वाहन चालक के पंजीकरण बीमा फिटनेस, फास्टैग, एवं लायसेंस संबंधी आवश्यक अभिलेख वाहन में साथ रखना अनिवार्य होगा। वाहन संबंधित सभी भुगतान पूर्ण होना चाहिए। 05. वाहन में हुई किसी तकनीकी खराबी होने के कारण यदि आवश्यकतानुसार वाहन का उपयोग करने में बाधा आती है, तो वाहन प्रदाता को अन्य वाहन की व्यवस्था कराना होगा वाहन उपलब्ध नही कराने पर उस दिन का किराया नहीं दिया जावेगा। 06. यात्रा के दौरान वाहन को दुर्गम सथान पर भी ले जाया जा सकता है संबंधित वाहन चालक का कर्तव्य होगा की उपयोग कर्ता अधिकारी के आदेशो का पालन करेगा एवं वाहन प्रदाता द्वारा वाहन चालक को हर समय ड्यूटी के लिये तैयार होने के निर्देश दिये जाने होंगे। 07. वाहन दुर्घटना, मार्ग में वाहन खराब होने की स्थिति में वाहन खराब होने के सथान से गैरेज तक लाने, वाहन संधारण, वाहन में होने वाली टूट-फूट, बैटरी, टायर ट्यूब, वाहन सेल्फ स्टार्ट, स्टेपनी टायर ट्यूब, माइलोमीटर चालू एवं उत्तम हालत होने आदि के व्यय की सम्पूर्ण जिम्मेदारी वाहन प्रदाता की होगी। 08. वाहन चालक द्वारा उपयोगकर्ता अधिकारी व वाहन प्रभारी से प्रतिदिन मीटर रीडिंग के अनुसार की गई यात्रा का प्रमाणीकरण लॉगबुक से कराना होगा, तथा इसकी प्रतिलिपि देयक के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 09. संबंधित ट्रेवल एजेंसी देयकों के भुगतान हेतु देयक प्रतिमाह की 03 तारीख तक वाहन शाखा रक्षित केन्द्र राजगढ़ में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, ताकि समय पर देयकों का भुगतान किया जा सके। 10. वाहन दैनिक किराया दर पर अधिग्रहण किये जाने वाले वाहनो को प्रति कि.मी. (पी.ओ.एल. सहित) की दर से अधिग्रहण कर भुगतान किया जायेगा। 11. वाहन टेक्स पेड एवं वाहन प्रदाता के स्वामित्व का होना चाहिए। 12. वाहन दुर्घटना की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी वाहन प्रदाता की होगी वह उसके लिये पूर्ण उत्तरदायी होगा एवं समस्त खर्च वहन करेगा। 13. वाहन के संबंध में किसी भी प्रकार का विवाद होने पर उसके निराकरण का उत्तरदायित्व वाहन प्रदाता का होगा, यदि कोई वैधानिक क्षतिपूर्ति मान. न्यायालय द्वारा किसी स्थिती में निर्धारित की जाती है, तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी वाहन प्रदाता की होगी। 14. वाहन किराये पर लेने के लिये वाहनों की संख्या समय-समय पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा निर्धारित की जावेगी। वाहनों की मांग होने पर निविदाकार को शर्त के अनुसार वाहन उपलब्ध कराना होगा वाहन उपलब्ध न कराने पर द्वितीय निविदाकार से वाहन प्रथम निविदाकार की दर पर लिया जा सकेगा। 15. खुली निविदा विज्ञप्ति संबंध में आवश्यक दस्तावेज (संलग्न करने हेतु) की जानकारी, अन्य आवश्यक शर्ते, जानकारी एवं निविदा प्रपत्र वाहन शाखा रक्षित केन्द्र राजगढ़ से कार्यालयीन समय पर प्राप्त कर सकते है। 16. निविदा कर द्वारा दि गई दर में भारत सरकार एवं राज्य शासन के समस्त (कर) सम्मिलित हो पृथक से किसी भी कर का भुगतान नहीं किया जावेगा। 17. निविदाकारों द्वारा प्रस्तुत कोई भी सशर्त मान्य नहीं होगीं। 18. उपरोक्त समस्त शर्ते के संशय/विवाद की स्थिती उत्पन्न होने पर पुलिस अधीक्षक राजगढ़ का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

**निविदा प्रपत्र :-**

**दस्तावेज विवरण**

01. ट्रेवल्स एजेंसी का वैद्य जीवित पंजीयन 02. जीएसटी 03. क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट 04. TAN एवं PAN 05. ईएफटी मेंडेट सर्टिफिकेट 06. ईपीएफ कार्यालय रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट 07. राज्य कर्मचारी बीमा निगम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट 08. जिला श्रम कार्यालय रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट। 09. प्रतिबंधित/ब्लैक लिस्टेट न किये जाने का शपथ पत्र । 10. निविदा टू बिड प्रणाली पर आधारित होगी। अ- तकनीकी व्यौरे वाली तकनीकी बिड ब- वित्तीय बिड दर (कीमत )

जी-12878/23

**पुलिस अधीक्षक जिला राजगढ़**